# UGC-NET PAPER-1 (General Paper) SHIFT-1 (05-DEC-2019)

निर्देश (प्र.सं. 1-5) निम्नलिखित तालिका में तीन अलग-अलग कॉलेजों (A, B और C) में 2014 से 2019 तक, अलग-अलग वर्षों में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या सम्बन्धी आँकड़े हैं। तालिका में दिए गए आँकडों के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

| वर्ष ↓ / कॉलेज → | A | B | C |
|---|---|---|---|
| 2014 | 8000 | 14000 | 11000 |
| 2015 | 15000 | 17000 | 13000 |
| 2016 | 17000 | 23000 | 19000 |
| 2017 | 13000 | 27000 | 23000 |
| 2018 | 22000 | 26000 | 24000 |
| 2019 | 27000 | 18000 | 16000 |

1. वर्ष 2015 में कॉलेज A में प्रवेश लेने वाले, 2016 में कॉलेज B में प्रवेश लेने वाले और 2019 में कॉलेज C में प्रवेश लेने वाले कुल छात्रों का औसत कितना है?

(A) 18000

(B) 24000

(C) 17000

(D) 28000

2. सभी वर्षों में कॉलेज A में प्रवेश लेने वाले कुल छात्रों और वर्ष 2018 और 2019 में कॉलेज C में प्रवेश लेने वाले कुल छात्रों के बीच अन्तर कितना है?

(A) 6400

(B) 62000

(C) 64000

(D) 61000

3. कॉलेज A में 2016 में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

(A) 23%

(B) 123%

(C) 113%

(D) 13%

4. इन सभी वर्षों में कॉलेज C में प्रवेश लेने वाले कुल छात्रों की संख्या वर्ष 2017 में तीनों कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले कुल छात्रों की संख्या का लगभग कितने प्रतिशत था?

(A) 168%

(B) 162%

(C) 158%

(D) 175%

5. किस कॉलेज में वर्ष 2016 में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या नीचे से दूसरे स्थान एवं वर्ष 2018 में प्रवेश लेने बाले छात्रों की संख्या न्यूनतम है?

(A) कॉलेज C और कॉलेज B

(B) कॉलेज B और कॉलेज A

(C) कॉलेज C और कॉलेज A

(D) कॉलेज A और कॉलेज B

6. किसी धनराशि पर 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से एक वर्ष का ब्याज ₹300 है। उसी धनराशि के लिए 8% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 4 वर्ष का ब्याज क्या होगा?

(A) ₹900

(B) ₹930

(C) ₹960

(D) ₹990

7. निम्नलिखित में से उस विकल्प को चुनें, जिसमें केवल ऑप्टिकल स्टोरेज मीडिया शामिल है?

(A) यू एस बी मेमोरी स्टिक, ब्लू-रे डिस्क, सी डी-रोम, डी वी डी

(B) डीवीडी, सीडी-रोम, यू एस बी मेमोरी स्टिक, सी डीआर डब्ल्यू

(C) हार्ड डिस्क, यू एस बी मेमोरी स्टिक, सी डी रोम, डी वी डी

(D) डीवीडी, सीडीआर, ब्लू-रे डिस्क, सी डी आर डब्ल्यू

8. यदि किसी कूट भाषा में TEACHER को TCJACCV कहा जाता है और उसी कूटभाषा में SURGEON को PMGETSU कहा जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन उस भाषा के CONCORD का प्रतिनिधित्व करेगा?

(A) FTQEPQE

(B) EQPEQTF

(C) FPQAPME

(D) EMPAQPE

9. नीचे दो कथन दिए गए हैं, पहला अभिकथन (A) और दूसरा तर्क (R) है

अभिकथन (A) राज्यपाल को राज्य के प्रशासन के विषय में मुख्यमन्त्री से किसी भी प्रकार की सूचना माँगने की शक्ति है।

तर्क R (R) राज्यपाल राज्य प्रशासन का वास्तविक प्रमुख है।

उपर्युक्त दो कथनों के सम्बन्ध में सही विकल्प का चयन कीजिए

(A) A और R दोनों सही हैं तथा A की सही व्याख्या R है।

(B) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही A व्याख्या नहीं है।

(C) A सही है, किन्तु R गलत है

(D) A गलत है, किन्तु R सही है

10. नीचे एक प्रश्न दिया गया है और उसके बाद तीन कथन दिए गए हैं। उन कथनों (I, II, III) की पहचान करें, जो प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।

प्रश्न: एक कक्षा में अध्ययन करने वाले 30 छात्रों की औसत उम्र क्या है?

I. कक्षा में लड़के और लड़कियाँ 7:8 के अनुपात में हैं।

II. लड़के और लड़कियों की औसत आयु क्रमश: 12.2 वर्ष और 11.4 वर्ष है।

III. कक्षा में लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या की तुलना में दो कम है।

सही विकल्प का चयन करें।

(A) केवल I और II

(B) केवल II और III

(C) केवल I और III

(D) II और I या III

11. गणितीय अवधारणाओं के अधिगम में निम्नलिखित में से किस कारक का योगदान नहीं होता है?

(A) जीवन की वास्तविक घटनाएँ

(B) पाठ्यक्रम के निर्धारण के पूर्व अधिगमकर्ताओं में विद्यमान गणितीय ज्ञान का मूल्यांकन

(C) गणित और इतिहास एकसाथ पढ़ाना

(D) अवधारणा के प्रतिपादक गणितज्ञ के जीवन अनुभवों का वर्णन

12. शोध में नैतिक सिद्धान्त के उल्लंघन के लिए उत्तरदायी दो तत्त्व कौन से हैं?

I. प्रतिभागियों को क्षति

II. संसूचित सहमति का अभाव

III. प्रयोग पूरा होने के उपरान्त प्रतिभागियों का स्वागत नहीं करना

IV. दुरूह प्रश्न पूछना

सही विकल्प चुनिए

(A) केवल I और III

(B) केवल II और III

(C) केवल III और IV

(D) केवल I और II

13. इनमें से इलेक्ट्रॉनिक वैज्ञानिकों के किस समूह को सही कालक्रम में रखा गया है?

(A) जी. मारकोनी, लुमियर ब्रदर्स, ली फॉरेस्ट, जॉन फ्लेमिंग, जॉन लॉगी बेयर्ड

(B) जॉन लॉगी बेयर्ड, लुमियर ब्रदर्स, जी. मारकोनी, ली फॉरेस्ट और जॉन फ्लेमिंग

(C) ली फॉरस्ट, जान फ्लेमिंग, लुमियर ब्रदर्स, जी. मारकोनी, जॉन लॉगी बेयर्ड

(D) लुमियर ब्रदर्स, जी. मारकोनी, ली फॉरेस्ट, जॉन फ्लेमिंग और जॉन लॉगी बेयर्ड

14. जंगलों की आग किससे प्रभावित होती है?

I. ढलान

II. भूमि की नमी

III. वायु

निम्न में से सही विकल्प चुनिए

(A) केवल I और II

(B) केवल II और III

(C) केवल I और III

(D) I, II और III

15. विद्यार्थियों का अकादमिक निष्पादन किससे निर्धारित होता है?

I. प्रज्ञा

II. अभिप्रेरणा

III. शारीरिक गठन

IV लिंग

(A) केवल I और II

(B) केवल I और IV

(C) केवल II और III

(D) केवल III और IV

16. आधारित सिद्धान्त में शोधकर्ता सैद्धान्तिक संतृप्ति होने तक सैद्धान्तिक प्रतिचयन के प्रयोग द्वारा डाटा संग्रहण करते हैं। इस प्रक्रिया को निम्नलिखित क्रम में दर्शाया जा सकता है

(A) सैद्धान्तिक प्रतिदर्श → डाटा संग्रह → डाटा विश्लेषण → सैद्धान्तिक संतृप्ति

(B) सामान्य शोध प्रश्न → डाटा संग्रह → सैद्धान्तिक प्रतिदर्श → डाटा विश्लेषण→ सैद्धान्तिक संतृप्ति

(C) सैद्धान्तिक प्रतिदर्श → सामान्य शोध प्रश्न → डाटा संग्रह → सैद्धान्तिक संतृप्ति

(D) सामान्य शोध प्रश्न → सैद्धान्तिक प्रतिदर्श → डाटा संग्रह → डाटा विश्लेषण → सैद्धान्तिक संतृप्ति

17. निम्नलिखित में से कौन पारम्परिक मूल्यांकन का एक विकल्प नहीं है?

(A) बहुविकल्पीय प्रश्न

(B) कार्यनिष्पादन परीक्षण

(C) पोर्टफोलियो

(D) प्रदर्शनियाँ

18. निम्नलिखित संचार चैनलों को इनकी विशेषता के आधार पर सुमेलित कीजिए:

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. ब्लॉगिंग | I. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया |
| B. टेलीविजन | II. प्रिण्ट मीडिया |
| C. पत्रिकाएँ | III. सोशल मीडिया |
| D. कलेक्शन साइट्स | IV. वर्ल्ड वाइड वेब |

नीचे दिए गए विकल्पों में से किसी एक का चयन करें

A B C D

(A) IV III I II

(B) II IV III I

(C) I III IV II

(D) III I II IV

19. निम्नलिखित में से क्या भारतीय तर्कशास्त्र की शास्त्रीय विचारधारा के अनुसार अनुमान (निष्कर्ष) की प्रक्रिया 'हेतु' पद को व्यक्त करता है?

(A) प्रस्तुत उदाहरण

(B) कारण का कथन

(C) सिद्ध करने हेतु प्रस्थापना

(D) सिद्ध निष्कर्ष व्याख्या

20. ऐसे संस्थानों का चयन कीजिए, जिन्हें यु जी सी अधिनियम, 1956 के अनुसार डिग्री प्रदान करने के लिए अधिकृत नही किया गया है |

I. भाषायी अल्पसंख्यक के अधीन स्थापित संस्थान

II. मानित विश्वविद्यालय

III. संघटक कॉलेज

IV. सम्बद्ध कॉलेज

सही विकल्प का चयन करें

(A) केवल I, II और III

(B) केवल I, II और IV

(C) केवल II, III और IV

(D) केवल I, III और IV

21. यातायात के एक स्थल पर प्रति सेकण्ड के अन्तराल पर एक घण्टे का ध्वनि स्तर का नमूना एकत्र किया जाता है और ध्वनि के सूचकांक $L_1$, $L_{10}$, $L_{50}$, $L_{90}$ की गणना आँकड़ों से की जाती है। सूचकांकों के मान को न्यूनतम से। अधिकतम के बढ़ते क्रम में रखा गया है। इनमें से कौन-सा विकल्प सही क्रम को दर्शाता है?

(A) $L_1$, $L_{10}$, $L_{50}$, $L_{90}$

(B) $L_{10}$, $L_{50}$, $L_{90}$, $L_1$

(C) $L_{50}$, $L_{90}$, $L_{10}$, $L_1$

(D) $L_{90}$, $L_{50}$, $L_{10}$, $L_1$

22. निम्नलिखित शिक्षा आयोगों के समूहों में से कौन-सा समूह इनके गठन के कालक्रम के अनुसार है?

(A) कोठारी आयोग, मुदालियर आयोग, राधाकृष्णन आयोग

(B) राधाकृष्णन आयोग, मुदालियर आयोग, कोठारी आयोग

(C) मुदालियर आयोग, कोठारी आयोग, राधाकृष्णन आयोग

(D) राधाकृष्णन आयोग, कोठारी आयोग, मुदालियर आयोग

23. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए ।

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. वाचन वैकल्य (Dyslexia) | I. गणित के कार्य में कठिनाई |
| B. लेखन वैकल्य (Dysgraphia) | II. पठन की कठिनाई |
| C. परिकलन वैकल्य (Dyscalculia) | III. लेखन की कठिनाई |
| D. ए डी एच डी (ADHD) | IV. ध्यान केन्द्रित करने में |

सही विकल्प का चयन करें

A B C D

(A) I III IV II

(B) II III I IV

(C) IV I III II

(D) I IV II III

24. स्वतन्त्रता पूर्व काल में निम्नलिखित में से किसने विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग गठित करने हेतु सबसे पहले पहल की थी?

(A) लॉर्ड कर्जन

(B) लॉर्ड रिपन

(C) लॉर्ड वेलेजली

(D) लॉर्ड विलियम बैण्टिंक

25. एक ठोस पदार्थ अर्द्धगोलीय छोर वाले बेलन के आकार में है । बेलन का व्यास अपनी ऊँचाई (अर्द्धगोलीय छोरों को छोड़कर) का 1/3 है। अर्द्धगोलीय छोरों सहित ठोस की कुल लम्बाई 56 सेमी है। ठोस पदार्थ का पृष्ठीय क्षेत्र कितना है?

(A) 3080 वर्ग सेमी

(B) 2464 वर्ग सेमी

(C) 2772 वर्ग सेमी

(D) 2156 वर्ग सेमी

26. परम्परागत विरोध वर्ग के अनुसार निम्न दिए गए वाक्यों के संयोजनों में से किसके मध्य विपरीतता का सम्बन्ध है

I. सार्वभौमिक अस्तिवाचक और सार्वभौमिक निषेधक

II. सार्वभौमिक अस्तिवाचक और विशेष अस्तिवाचक

III. विशेष अस्तिवाचक और सार्वभौमिक निषेधक

IV. विशेष अस्तिवाचक और विशेष निषेधक

कूट

(A) I और II

(B) I और III

(C) II और III

(D) III और IV व्याख्या

27. एक व्यक्ति की तरफ इशारा करते हुए एक महिला ने कहा "इनकी पत्नी के पिता मेरी माँ की बहन की इकलौती पुत्री के पति हैं" महिला का व्यक्ति से क्या सम्बन्ध है?

(A) पुत्री

(B) ननद / भाभी / साली

(C बहन

(D) सास

28. नीचे दो कथन दिए गए हैं, पहला कथन अभिकथन (A) और दूसरा तर्क (R) है

अभिकथन (A) गर्मी के मौसम में चिलचिलाती धूप वाली दोपहर के बाद के समय में दिल्ली जैसे शहर में क्षोभमण्डलीय ओजोन स्तर सुबह और शाम की तुलना में कम होने की सम्भावना होती है।

तर्क (R) दोपहर बाद की अवधि में वायुमण्डल अस्थिर रहता है तथा सुबह और शाम की तुलना में इसकी विलयन क्षमता अधिक होती है।

उपर्युक्त दो कथनों को पढ़कर सही विकल्प का चयन करें

(A) A और R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सही है, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सही है, किन्तु R गलत है।

(D) A गलत है, किन्तु R सही है।

29. इनमें से उस संवाद की पहचान कीजिए, जो दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में वैध है?

(A) लिखित संवाद

(B) वाचिक संवाद

(C) हावभाव वाला संवाद

(D) अवाचिक संवाद

30. प्रत्यक्ष रूप से असंगत दो प्रत्यक्षीकृत तथ्यों के समायोजन हेतु अप्रत्यक्षीकृत तथ्यों की अन्तर्निहित मान्यता को भारतीय तर्कशास्त्र में क्या संज्ञा दी जाती है?

(A) अनुमान

(B) उपमान

(C) अर्थापत्ति

(D) अनुपलब्धि

31. नृजातीय शोध में शोधकर्ता द्वारा निम्नलिखित में से कौन से कार्यकलाप किए जाते हैं?

I. शोधकर्ता समुदाय के सदस्यों के साथ संरचनाबद्ध साक्षात्कार करता है।

II. शोधकर्ता काफी लम्बी समयावधि तक सामाजिक व्यवस्था को अंगीकार कर लेता है।

III. शोधकर्ता वार्तालाप का श्रवण करता है और वार्तालाप करता है।

IV. शोधकर्ता लोगों को कुछ कुप्रथाओं के विषय में जानकारी देता है।

सही विकल्प चुनिए

(A) केवल I और II

(B) केवल I और III

(C) केवल II और IV

(D) केवल II और III

32. भारत सरकार के 'डिजिटल इण्डिया' पहल के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित में से कौन कथन सही है/हैं?

I. भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय (एन डी एल इण्डिया) अकादमिक संस्थानों में संग्रहित विधिवत् डिजिटलीकृत समस्त अकादमिक पुस्तकारों का एक ऑनलाइन भण्डार कोष है। अकादमिक निक्षेपागार (एन ए डी) एक 24 x 7 ऑनलान पूर्ण

II. राष्ट्रीय रूप से डिजिटल पुस्तकालय है, जिसमें नागरिकों के लिए प्रासंगिक विभिन्न प्रकार की डिजिटल विषय-वस्तु से सम्बन्धित सूचना (मेटा डाटा) का भण्डारण होता है।

सही विकल्प चुनिए

(A) केवल I

(B) केवल II

(C) I और II दोनों

(D) न तो I और न ही II

33. निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धान्त प्रत्यक्षवाद से सम्बन्धित नहीं है?

(A) परिघटनात्मकता

(B) निगमनात्मकता

(C) आगमनात्मकता

(D) व्याख्यात्मकता

34. निम्नलिखित श्रृंखला में से कौन-सी संख्या अगली संख्या होगी?

2, 6, 30, 60, 130, 210?

(A) 330

(B) 350

(C) 370

(D) 378

35. निम्नलिखित प्रकार के संचार को उनके विशिष्ट उदाहरण के अनुसार सुमेलित कीजिए

| (सम्प्रेषण के प्रकार) | (विशिष्ट उदाहरण) |
|---|---|
| A. औपचारिक संचार | I. सरकारी एजेन्सियाँ |
| B. अनौपचारिक संचार | II परिपत्र |
| C. बाहृय संचार | III. ज्ञापन |
| D. आन्तरिक संचार | IV. समूह श्रृंखला |

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें

A B C D

(A) III IV I II

(B) II III IV I

(C) I II III IV

(D) IV I II I

36. एक महाविद्यालय का शिक्षक अभिप्रेरक प्रतिभाग की गति को बढ़ावा देने के लिए प्रश्न- पहेली सत्र को अपनाता है। यह मूल्यांकन के किस प्रकार के रूप में लिया जाएगा?

(A) संकलनात्मक मूल्यांकन

(B) निष्कर्ष आधारित मूल्यांकन

(C) निर्माणात्मक मूल्यांकन

(D) निदानात्मक मूल्यांकन

37. किसी समूह में निम्नलिखित में से किसके कारण समूह के सदस्यों की सृजन क्षमता अवरुद्ध होती है?

I. किसी भी कीमत पर आम सहमति बनाए रखने के प्रतिमान

II. हास्य का पात्र बनने के भय से मुक्त चिन्तन

III. एक-दूसरे के विचार के प्रति आदर

IV. किसी व्यक्ति का विचार असत्य होने की दशा में आलोचना

सही विकल्प चुनिए

(A) केवल I और III

(B) केवल II और IV

(C) केवल III और II

(D) केवल I और IV

38. निम्नलिखित में से क्या निगमनात्मक अनुमान का भाग नहीं है?

(A) परिवर्तन

(B) प्रतिवर्तन

(C) न्यायवाक्य

(D) प्रतिपरिवर्तन

39. सूची को सूची II से सुमेलित कीजिए

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. दशमलव में 50 | I. द्विभाजी में 0110010 |
| B. दशमलव में 102 | II. द्विभाजी में 1100110 |
| C. लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग | III. समकालिक संचार |
| D. एस एम एस सन्देश | IV. विषमकालिक संचार |

कूट

A B C D

(A) II I III IV

(B) II I IV III

(C) I II III IV

(D) I II IV III

40. रसायनों को निम्नलिखित श्रेणियों से उनके वर्णन के अनुसार सुमेलित कीजिए

| रसायन श्रेणी | विवरण |
|---|---|
| A. एलेरजेन | I. कोशिकाओ में आनुवंशिक तत्वों (डीएनए) में बदलाव या क्षति पहुँचाने वाले रसायन |
| B. म्यूटाजेन | II. प्रतिरोध प्रणाली को सक्रिय करने वाले पदार्थ |
| C. कार्सिनोजेन्स | III. भ्रूण की वृद्धि और विकास के दौरान विशेष रूप से असामान्यता पैदा करने वाले रसायन |

| | |
|---|---|
| D. टेराटोजेन्स | IV. ऐसे पदार्थ, जिनसे कोशिका में आक्रामक अनियन्त्रित वृद्धि होती है, जिस कारण विषाणु ट्यूमर हो जाता है। |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपर्युक्त विकल्प का चयन करें

A B C D

(A) III IV I II

(B) IV III II I

(C) II I IV III

(D) III I II IV

41. निम्नलिखित में से कौन कथन सही है/हैं?

I. www नेटवर्कों का एक नेटवर्क है, जो प्रथमतः चार कम्प्यूटर नोडों के साथ शुरू हुआ था।

II. www इण्टरनेट पर चलने वाली एक सेवा है।

सही विकल्प चुनिए

(A) केवल I

(B) केवल II

(C) I और II दोनों

(D) न तो I और न ही II

42. नीचे दो कथन दिए गए हैं एक को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा जाता है।

अभिकथन (A) सूचना प्रौद्योगिकी भारत में तेजी से एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण क्षेत्र बनती जा रही है।

तर्क (R) सॉफ्टवेयर भारत के प्रमुख निर्यातों में से एक है और इसके अतिरिक्त भारत का हार्डवेयर में काफी मजबूत आधार है।

उपर्युक्त दोनों कथनों के आलोक में सही विकल्प चुनें

(A) A और R दोनों सही हैं तथा R. A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सही है, किन्तु R सही नहीं है।

(D) A सही नहीं है, किन्तु R सही है।

43. स्तम्भ II में दिए गए योगदान / संकल्पना को स्तम्भ में उल्लिखित चिन्तकों के साथ सुमेलित कीजिए

| स्तम्भ I | स्तम्भ II |
|---|---|
| A. कार्ल पॉपर | I. आगमनात्मक प्रविधि |
| B. टी. एस. कुन | II. विधि के प्रविरुद्ध |
| C. पॉल फैयरावेण्ड | III. रूपावली |
| D. फ्रांसिस बेकन | IV मिथ्याकरण |

उचित विकल्प चुनें

A B C D

(A) II III I IV

(B) III I IV II

(C) IV III II I

(D) IV III I II

44. 'ओपेन हाउस' के आयोजन के माध्यम से जनता से सवाद के लिए किसी सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन द्वारा निम्नलिखित में से किन तरीकों का प्रयोग किया जाता है?

I. प्रचार

II. लॉबिंग

III. जनसम्पर्क

IV. छवि निर्माण

कूट

(A) I, III और IV

(B) II, III और IV

(C) I, II और IV

(D) I. II और III

45. निरुपाधिक प्रतिज्ञप्ति के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

I. "कुछ पक्षी स्तनपायी हैं" एक विशिष्ट अस्तिवाचक प्रस्थापना है और यह केवल उद्देश्य पद को ही वितरित करता है।

II. "कुछ पक्षी स्तनपायी हैं" एक विशिष्ट अस्तिवाचक प्रस्थापना है और यह केवल विधेय को ही वितरित करता है।

III. "कुछ पक्षी स्तनपायी हैं" एक विशिष्ट अस्तिवाचक प्रस्थापना है और यह उद्देश्य तथा विधेय दोनों पदों को वितरित करता है।

IV. "कुछ पक्षी स्तनपायी हैं" एक विशिष्ट अस्तिवाचक प्रस्थापना है और यह न तो उद्देश्य और न ही विधेय दोनों पद को वितरित करता है।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए

(A) केवल I और IV सही हैं

(B) केवल III और IV सही हैं

(C) केवल II सही है

(D) केवल IV सही है

निर्देश (प्र. सं. 46-50) निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़ें और सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दें

मैं यह नहीं कहना चाहता कि शिक्षण में मानवतावादी तत्त्व उपयोगितावादी तत्त्वों से कम महत्त्वपूर्ण हैं। कल्पना शक्ति के सम्पूर्ण विकास के लिए थोड़ा-बहुत महान साहित्य, थोड़ा-बहुत वैश्विक इतिहास और थोड़ा-बहुत संगीत, चित्रकला और वास्तुकला का ज्ञान अनिवार्य है और सिर्फ कल्पना-शक्ति के माध्यम से ही मनुष्यों को संसार की विविध सम्भावनाओं के बारे में पता चला, इसके बगैर 'प्रगति' यान्त्रिक और खोखली बन जाएगी। लेकिन विज्ञान भी कल्पना को प्रेरित करा सकता है।

मनोविज्ञान बहुत हाल के वर्षों तक महज अकादमिक अध्ययन का एक विषय हुआ करता था और व्यावहारिक कार्यों में इसकी उपयोगिता पर्याप्त कम थी। अब यह सब बदल चुका है। उदाहरणस्वरूप, अब हमारे पास औद्योगिक मनोविज्ञान है, नैदानिक मनोवज्ञान है, शैक्षणिक मनोविज्ञान है और इन सबका पर्याप्त व्यावहारिक महत्त्व है। हम यह आशा और अपेक्षा कर सकते हैं कि निकट भविष्य में हमारे संस्थानों में मनोविज्ञान का प्रभाव तेजी से बढ़ेगा। शिक्षा के क्षेत्र में तो इसका पहले ही से हितकारी और अच्छा प्रभाव रहा है।

46. परिच्छेद में लेखक किस बात को लेकर आशान्वित है?

(A) शिक्षण में उपयोगितावादी तत्त्व

(B) शिक्षण में कल्पनाशक्ति की भूमिका में ह्रास

(C) प्रयोगशालाओं में मनोविज्ञान की भूमिका

(D) संस्थानों में मनोविज्ञान के प्रभाव में अभिवृद्धि

47. परिच्छेद के अनुसार कल्पना शक्ति के अभाव में 'प्रगति' क्या हो जाएगी?

(A) मानवतावादी

(B) यान्त्रि

(C) सर्जनात्मक

(D) यथार्थपरक

48. परिच्छेद के अनुसार यदि कल्पना शक्ति का सम्पूर्ण विकास करना है, तो निम्नलिखित में से किसका थोड़ा-बहुत ज्ञान होना चाहिए?

I. साहित्य

II. विश्व इतिहास

III. संगीत

IV. राजनीति

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनें

(A) केवल I, और II सही हैं।

(B) केवल I, और III सही हैं।

(C) केवल I, II और IV सही हैं

(D) केवल I, II और III सही हैं

49. परिच्छेद के अनुसार बहुत हाल के वर्षों तक मनोविज्ञान का की बहुत ही कम.........

(A) अकादमिक उन्मुखीकरण था

(B) अकादमिक अनुप्रयोग था

(C) व्यावहारिक उपयोगिता थी

(D) कल्पना - शक्ति के लिए उपयोगिता थी

50. परिच्छेद के अनुसार लोगों को 'संसार की सम्भावनाओं के बारे में सिर्फ किसके माध्यम से जानकारी मिल सकती है?

(A) साहित्य

(B) इतिहास

(C) कल्पना शक्ति

(D) संगीत

## संभावित उत्तर

| Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A | 11 | C | 21 | D | 31 | D | 41 | B |
| 2 | B | 12 | D | 22 | B | 32 | D | 42 | C |
| 3 | D | 13 | -- | 23 | B | 33 | D | 43 | C |
| 4 | A | 14 | D | 24 | A | 34 | B | 44 | A |
| 5 | C | 15 | A | 25 | B | 35 | A | 45 | D |
| 6 | C | 16 | D | 26 | A | 36 | C | 46 | D |
| 7 | D | 17 | A | 27 | D | 37 | D | 47 | B |
| 8 | C | 18 | D | 28 | D | 38 | C | 48 | D |
| 9 | C | 19 | B | 29 | A | 39 | C | 49 | C |
| 10 | D | 20 | D | 30 | C | 40 | C | 50 | C |